# उपभोक्ता के लिए सुरक्षा संबंधी परामर्श:
## बिजली के झटकों से सुरक्षा दिलाने वाली पहली पंक्ति



बिजली से हमारा जीवन ऊर्जा प्राप्त करता है, लेकिन इसके अपने खतरे भी हैं। बिजली के तारों की एक मामूली गड़बड़ी या एक छोटी-सी घटना ही बिजली के तगड़े झटके या इलेक्ट्रोक्यूशन का कारण बन सकती है। खुशकिस्मती से एक ऐसा छोटा मगर शक्तिशाली उपकरण डिवाइस उपलब्ध है जो हमें इन झटकों, करंट से सुरक्षा दिलाता है, यह है आरसीसीबी (RCCB) यानि रेजीडुअल करंट सर्किट ब्रेकर।

## आपकी सुरक्षा के लिए आरसीसीबी अपरिहार्य क्यों है?

आरसीसीबी लगाना न केवल स्मार्ट उपाय है बल्कि ऐसा करना कानूनन जरूरी भी है। सीईए विनियमन सं. 44 के अनुसार, प्रत्येक घर एवं ऑफिस को रेजीडुअल करंट सर्किट ब्रेकर आरसीसीबी , जिसकी सेंसटिविटी 30mA या कम होनी चाहिए, से सुरक्षित करना अनिवार्य है।

आरसीसीबी वास्तव में, इसी सुरक्षा की दृष्टि से तैयार किया गया आधुनिक, उन्नत मानक है।




**आरसीसीबी (आधुनिक एवं सटीक):** यह डिवाइस फेज (लाइव) और न्यूट्रल तारों से प्रवाहित हो रहे इलैक्ट्रिकल करंट के बैलेंस पर लगातार निगरानी रखता है। जैसे ही इसे किसी तरह के असंतुलन या "रिसाव" लीकेज का पता चलता है, बेशक वह कितना भी मामूली ही क्यों न हो, यह तत्काल ट्रिप कर जाता है और बिजली सप्लाई काट देता है।




**ईएलसीबी (पुरानी टेक्नोलॉजी):** यह पुरानी डिवाइस है जो केवल उस स्थिति में ही ट्रिप करती है जबकि इसे अर्थ वायर में करंट होने का पता चलता है। यानि,यह पूरी तरह से आपके बिजली कनेक्शन में अर्थिंग की क्वालिटी पर निर्भर है, और यही वजह है कि कम भरोसेमंद है।


### आरसीसीबी तत्काल एक्शन लेने वाला सेफ्टी-गार्ड है जो आपको निम्न से सुरक्षा दिलाता है:



घातक इलैक्ट्रिक शॉक और इलेक्ट्रोक्यूशन



इलेक्ट्रिकल आग



एप्लायंस और प्रॉपर्टी को नुकसान

## आरसीसीबी किस प्रकार से जिंदगी की सुरक्षा करता है?

आप आरसीसीबी को अपने इलेक्ट्रिकल सिस्टम को हाइ-स्पीड बॉडीगार्ड की तरह से देख सकते हैं।

1. लगातार निगरानी: यह लगातार आपके एप्लायंसेज में जाने और बाहर आने वाले करंट पर नजर रखता है।
2. सामान्य स्थिति: सुरक्षित सर्किट में, ये दोनों प्रकार के करंट बराबर होते हैं।
3. खतरे को पकड़ना: यदि कोई व्यक्ति किसी लाइव वायर या खराब एप्लायंस को छूता है, तो मामूली करंट उनके शरीर से होते हुएजमीन में चला जाता है। इससे एक प्रकार का असंतुलन पैदा होता है।
4. तत्काल कार्रवाई: जैसे ही यह असंतुलन सुरक्षित सीमा 30mA को पार करता है, आरसीसीबी मिलीसेकंड्स में ही बिजली को काट देता है और इसकी रफ्तार दिल की एक धड़कन से भी तेज होती है जिससे गंभीर चोट या मृत्यु तक से बचाव होता है।




BSES

Great Place To Work® Certified
DEC 2024-DEC 2025 INDIA

# आरसीसीबी इंस्टॉल करने के लिए आवश्यक जानकारी और प्रयोग

**इसे कहां इंस्टॉल किया जाता है?** आरसीसीबी को आपके मेन डिस्ट्रिब्यूशन बोर्ड डीबी बॉक्स में, आपकी एमसीबी के बराबर में इंस्टॉल किया जाता है। इसके ऊपर एक छोटे आकार का "TEST" बटन होता है।


**इसे कौन इंस्टॉल कर सकता है?** आरसीसीबी को केवल किसी लाइसेंस प्राप्त इलेक्टि शियन से ही इंस्टॉल करवाना चाहिए.ऐसा करना आपकी सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। आप दिल्ली श्रम विभाग की वेबसाइट https://labour.delhi.gov.in/labour/contact-us पर लाइसेंस प्राप्त प्रोफेशनल्स की लिस्ट देख सकते हैं।




## प्रत्येक उपभोक्ता के लिए प्रमुख दिशा-निर्देश:

- ✅ **इंस्टॉलेशन कराना अनिवार्य है:** अपने घर या ऑफिस में आरसीसीबी अवश्य लगवाएं। ऐसा करना कानूनी रूप से आवश्यक है।
- ✅ **सही रेटिंग चुनें:** अधिकतम व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए 30mA संसटिविटी वाली आरसीसीबी ही चुनें।
- ✅ **नियमित जांच करें:** प्रत्येक छह महीने में एक बार "TEST" बटन अवश्य दबाएं। आरसीसीबी तुरंत ट्रिप करेगी। यदि ऐसा नहीं होता, तो इसका मतलब है कि वह खराब हो गई है और उसे बदलने की आवश्यकता है।
- ✅ **ट्रिप को नजरंदाज न करें:** यदि आपकी आरसीसीबी ट्रिप करती है, तो इसका मतलब है कि करंट का रिसाव लीकेज हो रहा है। यह आपकी वायरिंग या किसी एप्लायंस में किसी खतरनाक दोष की ओर इशारा है। तुरंत किसी लाइसेंस प्राप्त इलेक्ट्रिशियन से संपर्क करें और इस दोष को दूर करें। करंट का रिसाव होना न केवल खतरनाक होता है, बल्कि इसकी वजह से इलेक्ट्रिसिटी की बर्बादी होती है और आपके बिजली बिल भी बढ़ते हैं।
- ❌ **कभी भी बायपास या रिमूव न करें:** आरसीसीबी को बायपास करना ऐसा ही होता है जैसे आपने अपनी कार से एयरबैग्स को हटा दिया हो। ऐसा कभी भी नहीं करना चाहिए।

## सुरक्षा चेतावनी: एचवीडीएस एरिया और पावर लाइन के नजदीक कंस्ट्रक्शन



- क्या आपका घर किसी ऐसे इलाके में जहां बीआरपीएल का हाइ वोल्टेज डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम HVDS लगा है?

  क्या आप किसी बाहरी काम को करने की योजना बना रहे हैं, जैसे कंस्ट्रक्शन, रेनोवेशन, टाइलिंग, या पेंटिंग, जो कि ओवरहेड पावर लाइनों के नजदीक है?

**ठहरिए!** कोई भी काम शुरू करने से पहले, आपको अपने एरिया सब-डिवीजन ऑफिसर से अवश्य संपर्क कर सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों, सावधानियों और इन गतिविधियों से जुड़े जोखिमों के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। आप बीआरपीएल सब-डिवीजन ऑफिसों के बारे में, निम्न बीएसईस वेबसाइट लिंक से जानकारी ले सकते हैं:

https://www.bsesdelhi.com/web/brpl/sub-division-offices

- केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के विनियमन 64 के अनुसार, ओवरहेड बिजली तारों के नीचे या नजदीक से रॉड्स, पाइपों या धातु से निर्मित अन्य ऐसी ही वस्तुओं को लाना या उनकी ढुलाई करना, पूरी तरह से निषिद्ध है।

  यह अनिवार्य सुरक्षा प्रोटोकॉल घातक दुर्घटनाओं, इलेक्ट्रोक्यूशन और प्रपर्टी को नुकसान पहुंचने से रोकने के लिए बनाया गया है। अपनी या दूसरों की जिंदगी खतरे में नहीं डालें।

**आपकी सुरक्षा आपके हाथों में है।**

आरसीसीबी आपके परिसर की सुरक्षा के लिए छोटा-सा निवेश है जो आपको और आपके प्रियजनों को बहुमूल्य सुरक्षा का लाभ दिलाता है। इसे इंस्टॉल करवाएं, टेस्ट करें, और इसकी चेतावनियों को अनदेखा न करें।

**क्योंकि जिंदगी है बहुमूल्य उपहार।**